उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 415 दिनांक /Date.: 30/7/2021

।। कार्यालय ज्ञाप ।।

विषय– रिट याचिका संख्या 896 (S/S)/2021 श्री ओमवीर चौधरी बनाम उत्तराखण्ड राज्य व अन्य मामले में मा0 उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 26/07/2021 के अनुपालन के संबंध में।

उपरोक्त रिट याचिका सं0 896 (S/S)/2021 में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 26/07/2021 को पारित आदेशों का मुख्य अंश इस प्रकार है:–

"Respondents, would permit the petitioner to provisionally participate in the physical examination, which is scheduled to be held with effect from, tomorrow i.e. 27.07.2021. However, the participation of the petitioner would be exclusively provisional in nature and his result would be kept in a sealed envelope and would be opened and declared, only after prior permission of this Court"

इस प्रकार मा0 उच्च न्यायालय ने याचीकाकर्त्ता श्री ओमवीर चौधरी को अंतरिम राहत देते हुए दिनांक 27/07/2021 से प्रारम्भ होने वाली शारीरिक दक्षता परीक्षा में भाग लेने की अनुमति प्रदान की गयी है।

याचिकाकर्त्ता श्री ओमवीर चौधरी का परीक्षा परिणाम घोषित नहीं किया गया था। अतः इस संबंध में परीक्षा नियंत्रक से यह जानकारी ली गयी कि क्या उनके प्राप्तांक ऐसे हैं जो कि वे 1:2 के अनुपात में निर्धारित शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए अपनी श्रेणी में निर्धारित कट ऑफ (Cut Off) के ऊपर प्राप्तांक धारक है, परीक्षा नियंत्रक द्वारा इसकी पुष्टि की गयी।

याचीकर्त्ता का प्रतिवेदन आयोग कार्यालय में दिनांक 28.07.2021 को प्राप्त हुआ तत्क्रम में देहरादून में शारीरिक दक्षता परीक्षण गतिमान था व दिनांक 29.07.2021 को शारीरिक दक्षता परीक्षा संपन्न भी की जा चुकी है।

अतः अभ्यर्थी श्री ओमवीर को हल्द्वानी (नैनीताल) में दिनांक 04.08.2021 को निर्धारित शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी किया जाय, उन्हें पंजीकृत दूरभाष के माध्यम से भी इसकी सूचना दी जाय।

याचिकाकर्त्ता श्री ओमवीर, पुत्र श्री यशपाल चौधरी, कृपया **दिनांक 04.08.2021 को प्रातः 07:00 बजे के पूर्व** अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम निकट चिड़ियाघर, गौलापार, हल्द्वानी जिला नैनीताल पहुंच कर आयोग प्रतिनिधि श्री राजन नैथानी से संपर्क करें, श्री नैथानी शारीरिक दक्षता परीक्षा में उनका प्रतिभाग सुनिश्चित करेंगे।

आज्ञा से

(संतोष बडोनी)
सचिव

प्रतिलिपिः–निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यावाही हेतु प्रेषित।

1. परीक्षा नियंत्रक, उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,को प्रवेश पत्र जारी करने हेतु व तद्नुसार डेटा में संशोधन हेतु।
2. श्री राजन नैथानी, अनु सचिव एवं नोडल अधिकारी, उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ।
3. श्री ओमवीर चौधरी, पुत्र श्री यशपाल चौधरी, ग्राम–बेलड़ा रूड़की, जिला–हरिद्वार, मो0–7906090636 **Email id-romveer@gmail.com** को सूचनार्थ प्रेषित।
4. गार्ड फाइल।

(संतोष बडोनी)
सचिव